Bombay Scottish School, Mahim

# PRELIMINARY EXAMINATION

## HINDI

| | | | |
|---|---|---|---|
| Std | : 10 | Max. Marks | : 80 |
| Date | : 08.01.2019 | No. of Questions | : 10 |
| Duration | : 3 hrs | No. of Printed sides | : 08 |

*[Answers to this paper must be written on the paper provided separately.]*

This paper comprises of two Sections-Section A and Section B.

Attempt all the questions from **Section A.**

Attempt any **four** questions from **Section B.**

### SECTION A [40 marks]

**Question 1**

Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics:- [15]

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :-


(i) 'वर्तमान समय में सोशल मीडिया लोगों के जीवन का आवश्यक अंग बन गया है'- इस पंक्ति पर अपने विचार लिखते हुए युवा पीढ़ी पर सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव का वर्णन कीजिए।

(ii) कल्पना कीजिए कि आपको एक महीने के लिए आपके विद्यालय का प्रधानाचार्य बना दिया गया है। आप अपने विद्यालय को और बेहतर बनाने के लिए क्या-क्या कदम उठाएँगे ?

(iii) 'शहरी जीवन की अपेक्षा ग्रामीण जीवन बेहतर है'- इस पंक्ति के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार लिखिए।

(iv) एक ऐसी मौलिक कहानी लिखिए जिसके अंत में यह वाक्य लिखा गया हो – 'अंत में सच्चाई की जीत हो ही गई।'

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र के आधार पर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा संबंध चित्र से होना चाहिए।





AMBIKA BOOK DEPOT
Shop No. 1, Rangoli, Vasant Utsav,
Thakur Village, Kandivali (E),
Mumbai - 400 101.
Mob. 9821263050.

Scanned with CamScanner

Scanned by CamScanner

**Question 2**

Write a letter in Hindi of approximately 120 words on any one of the topics given below:- [7]

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए:-

(i) हाल ही में आपके शहर में नगरपालिका का चुनाव (Election) था। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों की गतिविधियों तथा मतदान का महत्त्व बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

(ii) समाचार पत्र-पत्रिकाओं में दिए जाने वाले भ्रामक विज्ञापनों के विरुद्ध कार्यवाही करने का आग्रह करते हुए किसी समाचार-पत्र के माध्यम से अपनी बात प्रशासन तक पहुँचाने के लिए समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

**Question 3**

**Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible:**

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए:

एक व्यक्ति कहीं से गुज़र रहा था,तभी उसने सड़क के किनारे बँधे हाथियों को देखा और अचानक रुक गया। उसने देखा कि हाथियों के अगले पैर में एक रस्सी बँधी हुई है। उसे इस बात का अचरज हुआ कि हाथी जैसे विशालकाय जीव लोहे की जंजीरों की जगह बस एक छोटी सी रस्सी से बँधे हुए हैं। यह स्पष्ट था कि हाथी जब चाहते तब अपने बंधन तोड़कर कहीं भी जा सकते थे,पर किसी वजह से वे ऐसा नहीं कर रहे थे। उसने पास खड़े महावत से पूछा,"भला ये हाथी किस प्रकार इतनी शांति से खड़े हैं और भागने का प्रयास नहीं करे रहे हैं?" महावत ने कहा,"इन हाथियों को बचपन से ही इन रस्सियों से बाँधा जाता है। उस समय इनके पास इतनी शक्ति नहीं होती कि ये इस बंधन को तोड़ सकें। बार-बार प्रयास करने पर भी रस्सी न तोड़ पाने के कारण उन्हें धीरे धीरे विश्वास हो जाता है कि वे इन रस्सियों को नहीं तोड़ सकते और बड़े होने पर भी उनका ये भरोसा बना रहता है। इसलिए वे इसे तोड़ने का प्रयास ही नहीं करते।"

वह व्यक्ति आश्चर्य में पड़ गया कि ये ताकतवर जानवर सिर्फ़ इसलिए अपना बंधन नहीं तोड़ सकते क्योंकि वे इस बात में विश्वास करते हैं। वहाँ से गुज़र रहे एक संत इन दोनों की बातें सुन रहे थे। उन्होंने उस व्यक्ति को समझाया, "इन हाथियों की तरह ही हममें से कितने लोग केवल पहले मिली असफलता के कारण ये मान बैठते हैं कि अब हमसे ये काम हो ही नहीं सकता और अपनी ही बनाई हुई मानसिक जंज़ीरों में जकड़े-

AMBIKA BOOK DEPOT
Shop No: 1, Rangoli, Vasant Utsav,
Thakur Village, Kandivali (E),
Mumbai - 400 101.



Scanned by CamScanner

जकड़े पूरा जीवन गुज़ार देते हैं।" असफलता जीवन का एक हिस्सा है। निरंतर प्रयास करने से ही सफलता मिलती है। यदि तुम भी किसी बंधन में बंधे हो,जो तुम्हें सपने पूरे करने से रोक रहा है, तो उसे तोड़ डालो।

(i) व्यक्ति के अचरज का क्या कारण था ? [2]

(ii) हाथी भागने का प्रयास क्यों नहीं कर रहे थे ? [2]

(iii) आपके विचार में सफलता का मूलमंत्र क्या है ? [2]

(iv) संत ने उस व्यक्ति को क्या समझाया ? [2]

(v) इस गद्यांश को उचित शीर्षक देकर उसकी सार्थकता सिद्ध कीजिए। [2]

**Question 4**

**Answer the following according to the instructions given below:-**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-**

(i) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (1)
सजीव, सगुण, उधार, छाँह ।

(ii) निम्न शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (1)
पेड़, हिमालय, जंगल ।

(iii) निम्न शब्दों से विशेषण बनाइए :- (1)
चिकित्सा, सेना ।

(iv) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए :- (1)
रितु , क्रिपया , पुन्य ।

(v) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए:-
दुम दबाकर भागना , टाँग अड़ाना । (1)

(vi) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिए :-

(i) सूखा पड़ने के कारण किसान की फसलें नष्ट हो गईं । (1)
[रेखांकित के लिए एक शब्द का प्रयोग करते हुए वाक्य को पुनः लिखिए ]

(ii) उनका पति अत्यंत रूपवान, गुणवान और विद्वान था ।
[लिंग बदलिए।] (1)

(iii) महिलाओं को समान अधिकार और प्रतिष्ठा पाने के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ा । [अपूर्ण वर्तमान काल में बदलिए।] (1)



Scanned by CamScanner

## SECTION B (40 Marks)

(Attempt any **four** questions from this section)

## साहित्य सागर – संक्षिप्त कहानियाँ

**Question 5**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए: –

उस भीड़ भाड़ में अचानक उसकी भेंट अरुणा से हो गई। रूनी कहकर चित्रा भीड़ की उपस्थिति को भूलकर अरुणा के गले से लिपट गई।

पाठ - दो कलाकार

लेखक – मन्नू भण्डारी

(i) चित्रा और अरुणा की भेंट कहाँ पर हुई और वह दोनों वहाँ क्यों आई थीं? (2)

(ii) अरुणा के साथ कौन खड़े थे? चित्रा के उनके बारे में पूछने पर अरुणा ने क्या बताया? (2)

(iii) घूमते-घूमते वे किस चित्र के सामने पहुँचे? चित्र को देखकर बालिका ने क्या पूछा और बालक ने क्या कहा? (3)

(iv) अरुणा और चित्रा के चरित्र की विशेषताओं का संक्षेप में वर्णन करते हुए बताइए कि आपको अरुणा और चित्रा दोनों में से किसका चरित्र प्रभावित करता है और क्यों? (3)

AMBIKA BOOK DEPOT
Shop No. 1, Rangoli, Vasant Utsav,
Thakur Village, Kandivali (E).



Scanned by CamScanner

**Question 6**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

मोटर में सवार होते ही यह समाचार मिला । पिछली रात,एक पहाड़ी बालक, सड़क के किनारे -पेड़ के नीचे ठिठुरकर मर गया ।

पाठ - अपना-अपना भाग्य

लेखक -जैनेन्द्र कुमार

(i) मोटर में सवार होते ही किसे और क्या समाचार मिला ? (2)

(ii) आदमियों की दुनियां ने उस बालक के पास क्या उपहार छोड़ा था ? (2)

(iii) पिछली रात लेखक और उनके मित्र उस बालक को कहाँ ले गए और क्यों ? उस व्यक्ति का पहाड़ी बालकों के संबंध में क्या मत था ? (3)

(iv) दुनिया की बेहयाई ढँकने के लिए प्रकृति ने क्या प्रबंध कर दिया था ? लेखक 'दुनिया की बेहयाई' पंक्ति के माध्यम से क्या कहना चाहता है ? संक्षेप में लिखिए। (3)

**Question 7**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

वर्षा के अनंतर एक दो दिन में ही पृथ्वी के ऊपर का पानी तो अगोचर हो जाता है,परंतु भीतर ही भीतर उसकी आर्द्रता जैसे बहुत दिन तक बनी रहती है, वैसे ही उसके अंतस्तल में शोक जाकर बस गया था ।

पाठ - काकी

लेखक - सियारामशरण गुप्त

(i) उपर्युक्त पंक्तियों में किसके अंतस्तल की बात की जा रही है ? उसमें कौन-सा शोक जाकर बस गया था ? [2]

(ii) उसे किसने और क्या असत्य बताया था ? उसे सत्य का पता कैसे चला? [2]



AMBIKA BOOK DEPOT
Shop No. 1, Rangoli, Vasant Utsav,

Scanned by CamScanner

(iii) सत्य का पता चलने पर उसके व्यवहार म क्या ...

हृदय क्या देखकर खिल उठा? (3)

(iv) 'प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में माँ का स्थान सर्वोच्च होता है'- आपके अनुसार माँ का जीवन में क्या महत्त्व है ? संक्षेप में लिखिए। (3)

## साहित्य सागर – पद्य भाग

**Question 8**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

जसोदा हरि पालने झुलावै।
हलरावै, दुलराइ मल्हावै, जोइ-सोइ कछु गावै॥
मेरे लाल को आउ निंदरिया, काहे न आनि सुवावै।
तू काहे नहिं बेगहिं आवै, तोको कान्ह बुलावै॥
कबहु पलक हरि मूँदि लेत हैं, कबहु अधर फरकावै।
सोवत जानि मौन ह्वै कै रहि, करि-करि सैन बतावै॥
इहिं अंतर अकुलाइ उठे हरि,जसुमति मधुरै गावै।
जो सुख 'सूर' अमर मुनि दुरलभ,सो नन्द भामिनी पावै॥

कविता – सूर के पद

कवि – सूरदास

(i) 'हरि' को सुलाने के लिए माँ यशोदा क्या-क्या करती हैं? (2)

(ii) माँ यशोदा नींद से क्या शिकायत करती हैं ? (2)

(iii) पालने में सोते हुए कृष्ण की किन-किन क्रियाओं का वर्णन किया गया है? इस पद में सूरदास जी किस सुख की बात कर रहे हैं और यह सुख किसे प्राप्त हो रहा है ? (3)

(iv) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए:- (3)

बेगहिं, सैन , अमर, भामिनी , अधर , अकुलाई।



AMBIKA BOOK DEPOT
Shop No. 1, Rangoli, Vasant Utsav,
Thakur Village, Kandivali ...

Scanned by CamScanner

Question 9

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए:

प्रभु के दिए हुए सुख इतने हैं विकीर्ण धरती पर
भोग सकें जो उन्हें जगत में,
कहाँ अभी इतने नर?
सब हो सकते तुष्ट,
एक-सा सब सुख पा सकते हैं
चाहें तो पल में धरती को स्वर्ग बना सकते हैं।

कविता – स्वर्ग बना सकते हैं

कवि – रामधारी सिंह 'दिनकर'

(i) 'विकीर्ण' शब्द का क्या अर्थ है ? कवि के अनुसार क्या विकीर्ण है ? कविता में 'विकीर्ण' शब्द का प्रयोग किस संदर्भ में प्रयोग किया गया है ? (2)

(ii) यहाँ किनके तुष्ट होने की बात की जा रही है ? वे क्यों तुष्ट नहीं हैं ? (2)

(iii) धरती के सभी निवासी एक समान क्यों कहे गए हैं ? किस-किस पर सबका अधिकार है और किस प्रकार ? (3)

(iv) कविता की पृष्ठभूमि स्पष्ट कीजिए। कविता का आधार लेकर यह बताइए कि हम अपने देश को किस प्रकार बेहतर बना सकते हैं। (3)

AMBIKA BOOK DEPOT
Shop No. 1, Rangoli, Vasant Utsav,
Thakur Village, Kandivali (E),
Mumbai - 400 101.
Mob. 9821263050,



Scanned by CamScanner

**Question 10**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

जाके प्रिय न राम वैदेही।
तजिए ताहि कोटि वैरी सम जद्यपि परम सनेही॥
तज्यो पिता प्रहलाद, विभीषण बंधु , भरत महतारी।
बलि गुरु तज्यो, कंत ब्रज बनितन्हि, भए-मुद मंगलकारी॥
नाते नेह राम के मनियत, सुहृद सुसेव्य जहाँ लौं।
अंजन कहा आँख जेहि फूटे,बहु तक कहौं कहाँ लौं ॥
तुलसी सो सब भाँति परमहित पूज्य प्रान ते प्यारो।
जासों होय सनेह राम-पद, ऐतो मतो हमारो॥

कविता –विनय केपद

कवि–तुलसीदास

(i) तुलसीदास जी प्रस्तुत पद में किन्हें त्यागने के लिए कह रहे हैं और क्यों? (2)

(ii) 'अंजन कहा आँख जेहि फूटे' पंक्ति का क्या अर्थ है ? कवि ने यह कथन क्या सिद्ध करने के लिए कहा है ? (2)

(iii) 'मुद मंगलकारी' का आशय स्पष्ट करते हुए बताइए कि उपर्युक्त पद में तुलसी दास जी ने अपने कथन के समर्थन में किन-किन का उदाहरण दिया है ? (3)

(iv) तुलसीदास जी का साहित्यिक जीवन परिचय संक्षेप में लिखिए । (3)

AMRIKA BOOK DEPOT
Shop No. 1, Rangoli, Vasant Utsav,
Thakur Village, Kandivali (E),
Mumbai - 400 101.
Mob. 9821263050



Scanned by CamScanner